**The Minister of Information and Broadcasting (Shri Raj Bahadur)**: (a) The Rajasthan Government have not been participating in the Central Scheme for supply of Community Listening Sets since 1960-61 and no sets have been supplied to them during the Third Plan period. The State Government are running the scheme themselves.

(d) Does not arise.

**श्रीलंका में राष्ट्रिकताहीन भारतीय लोगों के बच्चे**

4306. **श्री द्वा० ना० तिवारी :**
**श्री म्र० क० गोपालन :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका में राष्ट्रिकताहीन भारतीय लोगों के बच्चों को स्कूलों में दाखिला नहीं दिया जाता है ; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

**वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) ग्रौर (ख). श्रीलंका सरकार के निदेशों के ग्रनुसार, सभी बच्चे, चाहे उनका राष्ट्रीय दर्जा कुछ भी क्यों न हो, श्रीलंका के स्कूलों में दाखिला पाने के ग्रधिकारी हैं ।

**भागलपुर में रेडियो स्टेशन**

4307. **श्री भागवत झा ग्राजाद :**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री प्र० चं० बरुग्रा :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**

क्या **सूचना ग्रौर प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भागलपुर में एक रेडियो स्टेशन खोला गया है ; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो इस स्टेशन से प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों का मोटा ब्यौरा क्या है ?

**सूचना ग्रौर प्रसारण मंत्री (श्री राज बहादुर) :** (क) जी, नहीं । भागलपुर के सहायक केन्द्र की स्थापना का काम चल रहा है ग्रौर ग्राशा है कि केन्द्र इस वर्ष चालू हो जायेगा ।

(ख) भागलपुर, ग्राकाशवाणी के पटना केन्द्र का सहायक केन्द्र है ग्रौर मुख्य रूप से यह पटना केन्द्र द्वारा रिकार्ड किये गये कार्यक्रम प्रसारित करेगा । इसलिये कार्यक्रमों का रूप वही होगा जो पटना केन्द्र का होगा ।

**भारत-पाकिस्तान संघर्ष सम्बन्धी रूपक (फीचर)**

4308. **श्री भागवत झा ग्राजाद :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री प्र० चं० बरुग्रा :**

क्या **सूचना ग्रौर प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान ग्रंग्रेजी तथा हिन्दी रूपक (फीचर) एककों ने रूपक (फीचर) तैयार किये थे;

(ख) यदि हां, तो 1965 में कितने रूपक लिखे गये; ग्रौर

(ग) क्या ये रूपक ग्राकाशवाणी के सभी केन्द्रों से प्रसारित किये गये थे ?

**सूचना ग्रौर प्रसारण मंत्री (श्री राज बहादुर)** : (क) जी, हां ।

(ख) ग्रंग्रेजी—30, हिन्दी—93, कुल—123 ।

(ग) जी, नहीं । ये सभी केन्द्रों से रिले नहीं किए गए ।